आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650

इंदौर, गुरुवार 07 मई 2026
■ वर्ष : 5 ■ अंक : 163
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत



राष्ट्रपिता को नमन...

## अंदर के पन्नों पर...

अवैध होर्डिंग्स पर कार्रवाई की तैयारी



पेज-2

दर्शकों के दिलों पर छाप छोड़ना महत्वपूर्ण-शर्मा



पेज-5

ड्रग तस्कर को पकड़ा, 5 लाख वसूलकर छोड़ा




पेज-6

### संघ से जुड़े नेताओं का लगातार हो रहा पुनर्वास

# निगम मंडल की नियुक्तियों में उज्जैन-ग्वालियर का दबदबा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • मध्यप्रदेश में निगम-मंडलों और प्राधिकरणों में हालिया नियुक्तियों के जरिए राजनीतिक और क्षेत्रीय संतुलन साधने की कवायद की गई है। अब तक करीब 60 पदों पर नियुक्तियां की जा चुकी हैं, जिनमें प्राधिकरण, निगम, आयोग, बोर्ड और समितियां शामिल हैं। इन नियुक्तियों में उज्जैन और ग्वालियर क्षेत्र का दबदबा साफ नजर आ रहा है, जबकि टिकट कटने वाले नेताओं और संगठन से जुड़े पदाधिकारियों को प्राथमिकता देकर उन्हें सक्रिय बनाए रखने की रणनीति अपनाई गई है।

नियुक्तियों के इस दौर में उज्जैन सबसे आगे रहा है। यहां से 9 नेताओं को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्य जैसे पदों पर नियुक्ति देकर मंत्री स्तर का दर्जा दिया गया है। वहीं ग्वालियर-चंबल क्षेत्र को भी अच्छी हिस्सेदारी मिली है, हालांकि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ आए कुछ नेता अभी भी इंतजार में बताए जा रहे हैं। वहीं 16 पदों पर सवर्ण नेताओं को अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि 5 पद अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग को दिए गए हैं। इसके अलावा ओबीसी और एसटी वर्ग की एक-एक महिला को भी अध्यक्ष पद मिला है। साथ ही 4 यादव नेताओं को भी अध्यक्ष बनाकर जातीय समीकरणों को साधने का प्रयास किया गया है।

**क्षेत्रीय और सामाजिक संतुलन का प्रयास :** नियुक्तियों में क्षेत्रीय संतुलन भी स्पष्ट दिखता है। आंकड़ों के अनुसार, ग्वालियर-चंबल क्षेत्र से 18, मालवा से 20, बुंदेलखंड से 4, जबकि महाकौशल और विंध्य क्षेत्र से 5-5 नियुक्तियां की गई हैं। इनमें उज्जैन 9 पदों के साथ शीर्ष पर है, जिससे मालवा क्षेत्र का प्रभाव मजबूत हुआ है।

**भोपाल और इंदौर में अभी सहमति बनना है बाकी :** हालांकि, भोपाल, इंदौर और देवास जैसे प्रमुख क्षेत्रों में कुछ अहम नियुक्तियां अभी लंबित हैं। इंदौर और भोपाल विकास प्राधिकरण में नामों को लेकर सहमति नहीं बन पाई है। इसके अलावा 16 नगर निगमों में एल्डरमैन की नियुक्तियां भी पिछले एक महीने से अटकी हुई हैं, जहां सांसद, विधायक और संगठन के बीच तालमेल की कमी सामने आ रही है।

### टिकट कटे नेताओं को साधने की रणनीति

इन नियुक्तियों में खास बात यह रही कि 2023 के विधानसभा चुनाव में जिन नेताओं के टिकट कट गए थे या जो कम अंतर से हार गए थे, उन्हें प्राथमिकता दी गई। इसके अलावा पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक और लंबे समय से संगठन में सक्रिय रहे नेताओं को भी जगह देकर पार्टी उन्हें भविष्य की राजनीतिक भूमिका के लिए तैयार कर रही है। इसे संगठनात्मक संतुलन और असंतोष कम करने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।

### संघ पृष्ठभूमि के नेताओं को भी महत्व

नियुक्तियों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पृष्ठभूमि से जुड़े नेताओं और पूर्व संभागीय संगठन मंत्रियों को भी जगह मिली है। इसे संगठन के अनुभवी चेहरों को पुनर्वास देने और उनकी भूमिका बनाए रखने के तौर पर देखा जा रहा है। संघ की पृष्ठभूमि से आए जिन नेताओं को निगम मंडलों में जगह मिली है, उनमें केशव सिंह भदौरिया, संजीव कांकर, सत्येन्द्र भूषण सिंह, संजय नगायच जैसे नाम शामिल है।




### कांग्रेस छोड़कर आए नेताओं को भी मिले पद

इसके अलावा लोकसभा चुनाव के दौरान या उससे पहले कांग्रेस समेत अन्य दलों से आए नेताओं को भी निगम मंडलों में पद से नवाजा गया है। इसके अलावा पार्टी से बाहर हो चुके नेताओं को वापसी के बाद भी पद दिए गए हैं। रामलाल मालवीय लंबे समय तक कांग्रेस में रहे हैं। वे 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा में शामिल हुए थे। उन्हें एससी आयोग में सदस्य बनाया गया है। इसी तरह लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस छोडकर भाजपा का दामन थामने वाले केशवसिंह बघेल को कुक्कुट विकास निगम के अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष बनाए गए महेश केवल 2022 में नगरीय निकाय चुनाव के दौरान पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित किए गए थे।

## न्यूज ब्रीफ

- बंगाल : चंद्रनाथ हत्याकांड में 3 आरोपियों से पुलिस की पूछताछ जारी, मुख्य हमलावर फरार
- शुभेंदु अधिकारी के पीए की हत्या, गाड़ी रुकवाकर मारी गईं चार गोलियां
- पश्चिम बंगाल चुनाव में हार के बाद सुप्रीम कोर्ट जा सकती हैं ममता बनर्जी
- हमीरपुर नाव हादसे में लापता छह लोगों में से दो के शव बरामद
- मुंबई : सोहराबुद्दीन केस में आरोपियों के बरी होने के खिलाफ दायर अपील पर आज हाई कोर्ट में होगा फैसला
- बिहार कैबिनेट विस्तार से पहले नेताओं को कॉल आना शुरू, बीजेपी-जदयू के कई चेहरे आज लेंगे शपथ
- 'ईरान के साथ अच्छी बातचीत हो रही', युद्ध के बीच बोले ट्रंप
- तमिलनाडु : राज्यपाल से मुलाकात करेंगे थलपति विजय
- हम आतंकवाद के पूरे तंत्र को खत्म करने के इरादे पर मजबूती से कायम, वर्षगांठ पर बोले प्रधानमंत्री मोदी

# संघ की तर्ज पर प्रदेश कांग्रेस चलाएगी 'घर-घर चलो' अभियान

■ एआईसीसी से मिला अप्रूवल, जून से घर-घर जाएंगे कांग्रेस नेता, प्रति परिवार 100 रु. लेंगे

■ घर-घर चलो अभियान के तहत मध्य प्रदेश कांग्रेस का प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 30 हजार परिवारों तक पहुंचने का लक्ष्य

■ एक महीने में एक हजार से ज्यादा ब्लॉकों में जन संवाद सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे




**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • मप्र कांग्रेस कमेटी को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) ने घर-घर चलो अभियान शुरू करने के लिए अप्रूवल दे दिया है। प्रदेश में यह अभियान जून से शुरू किया जाएगा। अभियान के तहत कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों से संपर्क कर प्रत्येक परिवार से 100 रुपए की सहयोग निधि एकत्रित करेंगे। पार्टी ने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में लगभग 30 हजार परिवारों तक पहुंचने का लक्ष्य निर्धारित किया है। अभियान की तैयारियां प्रदेश स्तर पर शुरू कर दी गई हैं और इसकी औपचारिक शुरुआत की तारीख जल्द घोषित की जाएगी। प्रदेश कांग्रेस द्वारा तैयार प्रस्ताव को एआईसीसी को भेजा गया था, जिसमें अभियान की पूरी रूपरेखा और उद्देश्य का विस्तार से उल्लेख किया गया था। प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद अब इसे लागू करने की प्रक्रिया तेज हो गई है। कांग्रेस का दावा है कि यह अभियान संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करेगा। अभियान की शुरुआत प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में की जाएगी। इसमें प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सहित अन्य प्रमुख नेता घर-घर जाकर लोगों से संवाद करेंगे।

पार्टी का उद्देश्य है कि शीर्ष नेतृत्व की सक्रिय भागीदारी से कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़े और अभियान को व्यापक जनसमर्थन मिले। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि यह केवल निधि संग्रह का अभियान नहीं है, बल्कि आम जनता के साथ सीधा संवाद स्थापित करने का एक प्रयास है। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ता लोगों की समस्याओं और सुझावों को भी दर्ज करेंगे, ताकि उन्हें भविष्य की रणनीति में शामिल किया जा सके। अभियान के दौरान पार्टी द्वारा एकत्रित की जाने वाली सहयोग निधि का उपयोग जिला और ब्लॉक स्तर पर संगठन को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में किया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस संगठन महामंत्री डॉ. संजय कामले का कहना है कि अभियान को एआईसीसी से अप्रूवल मिल गया है। अभियान जून से शुरू किया जाएगा। इस दौरान कार्यकर्ता डोर-टू-डोर संपर्क कर न केवल निधि एकत्र करेंगे, बल्कि लोगों को पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों की जानकारी भी देंगे। इससे पार्टी और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित होगा और संगठन की पकड़ मजबूत होगी।

# डेढ़ साल से अधिक अवधि पूरे करने वाले सीईओ बदले जाएंगे



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • 26 आईएएस और 62 आईपीएस आइएएस के ट्रांसफर के बाद अब एक और प्रशासनिक सर्जरी होगी। इसमें प्रमुख रूप से डेढ़ से दो साल की अवधि पूरी करने वाले एक दर्जन से अधिक सीईओ जिला पंचायत और नगर निगम के आयुक्त हैं। वहीं सचिव स्तर के अधिकारियों को स्वतंत्र विभाग देने की कवायद चल रही है। प्रदेश में वर्ष 2017 बैच के आईएएस अफसरों को कलेक्टर बनाने की शुरुआत हो चुकी है।

2017 बैच के कलेक्टर बनने से जिला पंचायत के एक दर्जन सीईओ के तबादले हो सकते हैं। खासतौर जिन्होंने डेढ़ से दो साल का कार्यकाल पूरा कर लिया है। इनके स्थान पर 20 या इसके बाद के बैच वाले आईएएस सीईओ बनाए जाएंगे, जिन्हें बदला जा सकता है उनमें गजेंद्र सिंह नागेश नरसिंहपुर, सिद्धार्थ जैन इंदौर (दो साल से ज्यादा), अभिषेक चौधरी धार, नवीत कुमार धुर्वे टीकमगढ़, अक्षत जैन बैतूल, काजल जावला बड़वानी (दो साल से ज्यादा), नागार्जुन गोड़ा खंडवा आदि शामिल है। अभिषेक सराफ बालाघाट, विवेक केवी सागर आदि है।

# राहुल गांधी ने हाथ से उठाया खरगे का जूता

**नई दिल्ली (एजेंसी)** • सोशल मीडिया पर इन दिनों कांग्रेस नेता राहुल गांधी का एक वीडियो आग की तरह वायरल हो रहा है। इस वीडियो ने राजनीति के गलियारों से लेकर आम जनता के बीच एक नई चर्चा छेड़ दी है।

अक्सर 'राजकुमार' कहे जाने वाले राहुल गांधी की इस सादगी ने लोगों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि क्या वाकई सादगी सिर्फ दिखावा है या ये गहरी जड़ों वाले संस्कार हैं। वीडियो में राहुल गांधी न केवल साधारण रबर की चप्पल पहने दिख रहे हैं, बल्कि वे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के जूते अपने हाथों से उठाते नजर आए। वायरल हो रहे इस वीडियो में राहुल गांधी बहुत ही साधारण लुक में नजर आ रहे हैं। उनके पैरों में कोई ब्रांडेड जूते नहीं बल्कि एक आम रबर की चप्पल है। इसी सादगी के बीच उन्होंने कुछ ऐसा किया जिसकी उम्मीद शायद वहां मौजूद किसी ने नहीं की थी। जब मल्लिकार्जुन खरगे को अपने जूते पहनने में दिक्कत महसूस हुई, तो राहुल ने बिना झिझक उनकी मदद की।



# स्वच्छता में नंबर-1 इंदौर अब पानी के संकट से बेहाल

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • देशभर में स्वच्छता की पहचान बना इंदौर इन दिनों गंभीर जल संकट से जूझ रहा है। शहर के 85 में से 14 वार्डों में नर्मदा सप्लाई और बोरिंग दोनों ही जवाब दे चुके हैं। कई इलाकों में लोगों के सामने पीने के पानी तक का संकट खड़ा हो गया है और हालात जल आपातकाल जैसे बनते जा रहे हैं।

**बोरिंग फेल, नर्मदा लाइन नहीं पहुंची :** शहर में लगातार गिरते भूजल स्तर के कारण बड़ी संख्या में में बोरिंग सूख चुके हैं। दूसरी ओर कई प्रभावित वार्डों में अब तक नर्मदा पाइपलाइन का कनेक्शन भी नहीं पहुंच पाया है। रहवासियों का आरोप है कि टैंकर सप्लाई भी पर्याप्त नहीं है और उसमें भी भेदभाव किया जा रहा है। कई क्षेत्रों में लोगों को घंटों इंतजार के बाद भी पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा।



### शिकायतों का अंबार

जल संकट का असर सीएम हेल्पलाइन पर भी साफ दिखाई दे रहा है। अप्रैल महीने में पेयजल और नए कनेक्शन से जुड़ी 1586 शिकायतें दर्ज हुई, जबकि दूषित और बदबूदार पानी को लेकर 258 शिकायतें सामने आईं। विशेषज्ञों का मानना है कि पुरानी पाइपलाइन, लगातार लीकेज और समय पर मेंटेनेंस नहीं होना इस संकट की बड़ी वजह है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग से जुड़ी शिकायतों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। अप्रैल में विभाग से संबंधित 5378 शिकायतें दर्ज हुई, जिनमें से 3260 अब भी लंबित हैं। वहीं 4 मई तक लंबित शिकायतों का आंकड़ा बढ़कर 5884 तक पहुंच गया, जो हालात की गंभीरता को दर्शाता है।

### नल नहीं, बिल नहीं

रहवासियों का गुस्सा खुलकर सामने आ रहा है। महिलाओं ने नल नहीं तो बिल नहीं का नारा देते हुए विरोध शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि पिछले चार वर्षों से पानी की समस्या बनी हुई है, लेकिन स्थायी समाधान नहीं हुआ।

# सीएम के चेहरे को लेकर मंथन जारी, शुभेंदु मजबूत दावेदार

**कोलकाता (एजेंसी)** • पश्चिम बंगाल में नई सरकार के गठन के बाद अब सबसे बड़ा सवाल यही बना हुआ है कि राज्य की कमान आखिर किसके हाथों में जाएगी। मुख्यमंत्री पद को लेकर अभी तक भारतीय जनता पार्टी की ओर से किसी नाम का आधिकारिक ऐलान नहीं किया गया है, लेकिन कोलकाता से लेकर दिल्ली तक बैठकों और रणनीतिक चर्चाओं का दौर तेज हो चुका है।

पार्टी ने इस पूरे घटनाक्रम के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी सौंपी है। राजनीतिक गलियारों में सबसे ज्यादा चर्चा शुभेंदु अधिकारी के नाम की हो रही है, हालांकि भाजपा के पिछले फैसलों को देखते हुए यह भी माना जा रहा है कि पार्टी आखिरी वक्त पर कोई चौंकाने वाला कदम उठा सकती है। भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य ने स्पष्ट कर दिया है कि 9 मई, शनिवार को नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में सुबह 10 बजे रखा गया है। हालांकि अभी तक यह साफ नहीं किया गया है कि मुख्यमंत्री पद की शपथ कौन लेगा।



सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

इंदौर, गुरुवार 07 मई 2026

## विदेश यात्राओं को लेकर लोगों में डर और असमंजस का माहौल



दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव और युद्ध जैसे हालात का असर अब पर्यटन उद्योग पर भी साफ दिखाई देने लगा है। इस सीजन में इंटरनेशनल टूरिज्म लगभग खत्म-सा हो गया है। विदेश यात्राओं को लेकर लोगों में डर और असमंजस का माहौल है, जिसके चलते ट्रैवल एजेंसियों के दफ्तरों में सन्नाटा पसरा हुआ है। हालात ये हैं कि आकर्षक और कम कीमत वाले पैकेज देने के बावजूद लोग विदेश यात्रा करने से बच रहे हैं। हालांकि डोमेस्टिक डेस्टिनेशन पर लोग जाना पसंद कर रहे है। ट्रेवल एजेंट्स के अनुसार पिछले कुछ महीनों में इंटरनेशनल बुकिग में भारी गिरावट दर्ज की गई है। खासकर दुबई, यूरोप, तुर्किये, अमेरिका और मध्य-पूर्व के देशों के लिए यात्रियों की संख्या काफी कम हो गई है। कई लोगों ने पहले से की गई बुकिग भी रद्द कर दी है। एयरस्पेस बंद होने, फ्लाइट रूट बदलने और सुरक्षा को लेकर

लगातार आ रही खबरों ने यात्रियों की चिता बढ़ा दी है। ट्रैवल एजेंट एसो. ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष हेमेन्द्र सिह जादौन ने कहा कि गर्मी की छुट्टियों का सीजन आमतौर पर इंटरनेशनल टूर पैकेज के लिए सबसे व्यस्त समय होता है, लेकिन इस बार हालात बिल्कुल अलग हैं। एजेंट्स ग्राहकों को डिस्काउंट, होटल अपग्रेड और विशेष ऑफर दे रहे हैं, इसके बावजूद रिस्पॉन्स नहीं मिल रहा। कई एजेंसियों ने तो अपने इंटरनेशनल प्रमोशनल कैंपेन भी रोक दिए हैं, जिससे परेशानी आ रही है। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने अपनी शारजाह उड़ान को अब तक शुरू नहीं किया है।

जादौन ने कहा कि इंटरनेशनल टूरिज्म में गिरावट के बीच घरेलू पर्यटन को इसका सीधा फायदा मिल रहा है। लोग अब सुरक्षित और कम खर्च वाले विकल्पों की ओर रुख कर रहे हैं। इस बार नार्थ ईस्ट, गोवा, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड घरेलू पर्यटकों की पहली पसंद बने हुए हैं। परिवार और युवा दोनों ही प्राकृतिक और शांत पर्यटन स्थलों को प्राथमिकता दे रहे हैं। एजेंटों के अनुसार इन दिनों बाली, मालदीव, सिगापुर, वियतनाम के सस्ते पैकेज आ रहे हैं, जिसमें फोर और फाइव स्टार होटल में स्टे और फूड के साथ साथ एयर फेयर भी शामिल हैं, लेकिन इससे भी लोग बच रहे हैं। लोगों के मन में डर है कि कहीं वहां पर जाने के बाद युद्ध का दायरा बढ़ गया तो वे वहां पर फंस ना जाए। इसी डर के कारण लोग नहीं जा रहे हैं।

## पलासिया चौराहे पर दो कारों की भीषण टक्कर, एक युवक घायल

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● पलासिया चौराहा पर बुधवार देर रात दो कारों में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार दो लोग घायल हुए हैं, जिनमें से एक युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त कारों को जब्त कर लिया है। शुरुआती जांच में एक कार से नशे में इस्तेमाल होने वाला सामान भी मिला है। एसीपी खजराना कुंदन मंडलोई ने बताया कि हादसा उस समय हुआ जब व्हाइट चर्च चौराहे की ओर से आ रही एक कार को रीगल की तरफ जा रही दूसरी कार ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि एक कार सड़क पर घूम गई।

सूचना मिलते ही बीट पुलिस मौके पर पहुंची। हादसे में महेश्वर निवासी विनायक और उसका साथी घायल हुए हैं। विनायक को उपचार के लिए निजी अस्पताल भेजा गया है। पुलिस के मुताबिक एक कार की तलाशी के दौरान गोगो पेपर सहित नशे में उपयोग होने वाला अन्य सामान मिला है। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि टक्कर मारने वाली कार में सवार युवक नशे की हालत में थे। मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

### राऊ में तेज रफ्तार कार पलटी, मकान में घुसी

राऊ इलाके में बुधवार रात एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। कार सड़क किनारे स्थित एक मकान के सामने के हिस्से में जा घुसी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। गनीमत रही कि कार मकान के बाहर ही रुक गई, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। हादसे में कार चला रहे युवक को मामूली चोट आई है। बताया जा रहा है कि दुर्घटना के बाद युवक कार छोड़कर मौके से चला गया। पुलिस ने क्रेन की मदद से कार को सीधा कर थाने पहुंचाया और वाहन जब्त कर लिया है।

### न्यूज ब्रीफ

## देश और दुनिया को श्रेष्ठ संस्कारों की ऐसी धरोहर सौंपी है जो युगों-युगों तक जीव मात्र का उद्धार करने में सक्षम

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● जिनशासन ने देश और दुनिया को सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह, करुणा, दया, परोपकार और श्रेष्ठ संस्कारों की ऐसी धरोहर सौंपी है जो युगों-युगों तक बिना किसी पक्षपात और भेदभाव के जीव मात्र का उद्धार करने में सक्षम है। भगवान पार्श्वनाथ ने भी 23वें तीर्थंकर के रूप में समूचे समाज को सत्य, अहिंसा, अचौर्य (चोरी नहीं करना) और अपरिग्रह जैसे चार व्रत दिए हैं, जो हर युग में प्रासंगिक हैं। मात्र 30 वर्ष की आयु में केवल्य ज्ञान प्राप्त करने वाले भगवान पार्श्वनाथ ने जिनशासन की परम्पराओं और प्रतिष्ठा को जन-जन से जोड़कर ऊँचाइयाँ प्रदान की। समाज में महापुरुष का दर्जा उन्हें ही मिलता है, जो त्याग और समर्पण करना जानते हैं। भगवान पार्श्वनाथ जिनशासन के ऐसे स्तम्भ हैं, जिन्होंने अपने पूर्ववर्ती 22 तीर्थंकरों की परम्पराओं को समृद्ध बनाया। ये प्रेरक और ओजस्वी आशीर्वचन हैं प.पू. पंयास प्रवर योगरुचि विजय म.सा. के, जो उन्होंने बुधवार को द्वारकापुरी स्थित शीतलनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर के 25वें ध्वजारोहण महोत्सव में 108 भगवान पार्श्वनाथ के महापूजन और उनकी महत्ता बताते हुए व्यक्त किए। धर्मसभा में प.पू. वर्धमान तपोनिधि प्रियदर्शन विजय म.सा. एवं नंदीरूचि विजय म.सा. आदिठाणा की पावन निश्रा भी प्राप्त हुई। प्रारम्भ में मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय नाहर, उपाध्यक्ष सुशील कुकड़ा एवं सचिव चेतन भंडारी, अमृत मूणत, विनोद कोठारी, रीतेश सेखावत, सतीश जैन एवं दिनेश धींग आदि ने समाज बंधुओं की अगवानी की। इसके पूर्व ध्वजा महोत्सव के चतुर्थ सौपान पर नवकारसी सहित महोत्सव की विभिन्न क्रियाएँ भी विधिकारक के निर्देशन में सम्पन्न हुई। आयोजन में वीरमणि युवामित्र मंडल, शीतलनाथ महिला मंडल, सामायिक मंडल, श्रीसंघ एवं ध्वजा महोत्सव से जुड़े सैकड़ों बंधु भागीदार बने हुए हैं।

## बुरहानपुर में गैस महंगी, लकड़ी-कोयले पर बढ़ेगा दबाव, 40-60% वृद्धि से पर्यावरण संकट की आशंका

दैनिक इंदौर संकेत

**बुरहानपुर** ● ताप्ती सेवा समिति ने कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडरों की कीमतों में हालिया वृद्धि पर चिंता जताई है। समिति ने इसे केवल आर्थिक ही नहीं, बल्कि एक बड़े पर्यावरणीय संकट की शुरुआत बताया। कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार को प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। समिति के अनुसार, गैस की कीमतों में लगभग 40 से 60 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। इसके कारण छोटे व्यापारी, होटल संचालक और ढाबा व्यवसायी अब सस्ते विकल्प के रूप में लकड़ी और कोयले का उपयोग करने को मजबूर हो सकते हैं, जिससे जंगलों पर सीधा दबाव बढ़ेगा। समिति ने बताया कि देश में वन क्षेत्र कुल भौगोलिक क्षेत्र का लगभग 21 से 24 प्रतिशत ही है, जबकि आदर्श स्थिति में यह 33 प्रतिशत होना चाहिए। यदि व्यावसायिक स्तर पर भी लकड़ी की मांग बढ़ती है, तो अवैध कटाई और वन क्षरण की समस्या गंभीर रूप ले सकती है। वर्तमान में लगभग 25 से 30 प्रतिशत ग्रामीण और अर्ध-शहरी आबादी पहले से ही पारंपरिक ईंधनों पर निर्भर है, जिससे पर्यावरण संतुलन पर लगातार दबाव बना हुआ है।

## नर्मदा चिंतन ज्ञान यज्ञ में परिक्रमावासी आचार्य शास्त्री ने बताई माँ नर्मदा की महिमा





दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ●भगवान शंकर से माँ नर्मदा का बहुत गहरा सम्बन्ध है। नर्मदा की सबसे बड़ी महत्ता तो यही है कि इसका प्रत्येक कंकर 'शंकर' बन जाता है। जब भगवान शिव मेकल पर्वत पर गहरी तपस्या में लीन थे, तब उनके शरीर से निकली ऊर्जा और पसीने की बूंदों से एक पवित्र जल कुंड बना और उसी कुंड से जो दिव्य कन्या प्रकट हुई, उसी का नाम नर्मदा रखा गया। नर्मदा का शाब्दिक अर्थ होता है सुख देने वाली। यह देश की ऐसी जीवन रेखा है जो सुख, शांति और आनंद का स्त्रोत मानी जाती है। नर्मदा किनारे किया गया जप, तप और ध्यान कई गुना अधिक फलदायी माना गया है। माँ नर्मदा आस्था, भक्ति और ऊर्जा का अनूठा संगम है। ये दिव्य विचार हैं नर्मदा परिक्रमावासी आचार्य पं. रविकांत शास्त्री के, जो उन्होंने शहर में पहली बार खजराना गणेश मन्दिर स्थित सत्संग सभागृह पर अ.भा. दादा गुरु परिवार इंदौर नर्मदा मिशन की मेजबानी में प्रारम्भ हुए 7 दिवसीय नर्मदा चिंतन ज्ञान यज्ञ के शुभारंभ सत्र में व्यक्त किए। कथा शुभारंभ के पूर्व अ.भा. दादागुरु परिवार इंदौर नर्मदा मिशन की ओर से राजेंद्र बंसल, नित्यम बंसल, संजय शर्मा, नारायण अग्रवाल, देवांग शर्मा, कैलाश बंसल, अनिल अग्रवाल, हर्ष जैन, नितिन अग्रवाल, स्वप्निल, अजय अग्रवाल, हरजीत मल्होत्रा आदि ने व्यास पीठ एवं नर्मदा पुराण ग्रन्थ का पूजन किया। मातृशक्ति की ओर से ज्योति बंसल, प्रेरणा बंसल सहित सैकड़ों महिलाओं ने परिक्रमावासी आचार्य पं. रविकांत शास्त्री की अगवानी की। कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में नर्मदा भक्त, परिक्रमावासी और नर्मदा तट स्थित धर्मस्थलों के संत-महंत भी आ रहे हैं। देश के तपोनिष्ठ संत दादागुरु भी इस पावन कथा को सानिध्य प्रदान करने 9 से 11 मई तक रहंगे। वे देश के एकमात्र ऐसे तपस्वी संत हैं जो पिछले 2029 दिनों से केवल नर्मदा के जल पर आश्रित हैं। कथा 11 मई तक खजराना गणेश मंदिर परिसर स्थित दौलतराम छाबछरिया सत्संग भवन पर प्रतिदिन शाम 5 से 8 बजे तक हो रही है।

## 'गोविंद गाथा' के जरिए राजनीतिक और मीडिया जगत याद करेगा स्व गोविंद मालू को



दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● प्रदेश बीजेपी के पूर्व प्रवक्ता, मध्यप्रदेश खनिज विकास निगम के पूर्व उपाध्यक्ष एवं लंबे समय तक मीडिया प्रभारी रहे स्वर्गीय गोविंद मालू के द्वितीय पुण्यस्मरण पर 'गोविंद गाथा' नाम से विशेष गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इंदौर प्रेस क्लब और आनंद गोष्ठी संस्था के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र की कई प्रमुख हस्तियां शामिल होंगी। गोष्ठी का मुख्य विषय 'राजनीतिक कार्यकर्ता का निर्माण' रखा गया है, जिस पर मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर तथा पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव अपने विचार व्यक्त करेंगे। कार्यक्रम में वक्ता स्व. गोविंद मालू के संगठनात्मक कौशल, राजनीतिक समझ, संवाद क्षमता और कार्यकर्ताओं से उनके आत्मीय संबंधों को याद करेंगे। आयोजकों के अनुसार, स्व. मालू ने वैचारिक राजनीति और संगठन विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी तथा वे विभिन्न दलों के नेताओं और पत्रकारों के बीच समान रूप से सम्मानित थे। गोष्ठी में पत्रकारिता, राजनीति, सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्र से जुड़े अनेक लोग उपस्थित रहेंगे तथा स्व. मालू को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। कार्यक्रम शुक्रवार को शाम को 7 बजे जाल सभागृह में होगा।

## पुलिस थाने के बाहर आत्मदाह का प्रयास

दैनिक इंदौर संकेत

**बुरहानपुर** ● कोतवाली थाना क्षेत्र में मंगलवार रात 35 वर्षीय युवक ने खुद पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। युवक की पहचान खैराती बाजार निवासी बबलू वानखेड़े के रूप में हुई है। वह पत्नी से विवाद और पड़ोसियों द्वारा मारपीट के झूठे आरोप लगाए जाने से परेशान था। पुलिस और परिजनों ने उसे झुलसी हुई हालत में अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसका इलाज जारी है। पीड़ित का आरोप है कि पड़ोस में रहने वाला एक युवक उसकी पत्नी को लंबे समय से परेशान कर रहा था। इसी बात को लेकर दोनों परिवारों के बीच विवाद चल रहा था। बबलू वानखेड़े के मुताबिक, इस मामले को दबाने के लिए उस पर पड़ोसी परिवार की महिलाओं के साथ मारपीट और गाली-गलौज करने के निराधार आरोप लगाए जा रहे थे। इससे पहले भी यह मामला थाने पहुंचा था, लेकिन तब दोनों पक्षों के बीच राजीनामा हो गया था। मंगलवार को इसी विवाद को हमेशा के लिए सुलझाने के उद्देश्य से समाज के लोगों की एक बैठक आयोजित की गई थी।

## घट्टिया में किसानों का प्रदर्शन, नर्मदा पाइपलाइन योजना से 65 गांवों को जोड़ने की मांग

दैनिक इंदौर संकेत

**उज्जैन** ●उज्जैन जिले की घट्टिया तहसील में नर्मदा पाइपलाइन से वंचित गांवों के किसानों का आक्रोश बुधवार को सड़कों पर दिखाई दिया। करणी सेना और क्षेत्र के किसानों ने तहसील कार्यालय पर दोपहर में धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करीब तीन घंटे तक चला, जिसमें बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। किसानों का कहना है कि घट्टिया विधानसभा क्षेत्र के करीब 60 से 65 गांव आज भी नर्मदा पाइपलाइन सुविधा से वंचित हैं। इससे किसानों को सिंचाई में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लगातार गिरते भूजल स्तर के कारण खेतों की सिंचाई प्रभावित हो रही है और फसल उत्पादन पर असर पड़ रहा है। किसानों की मांग है कि नर्मदा पाइपलाइन योजना का विस्तार कर वंचित गांवों को जल्द जोड़ा जाए, ताकि खेतों तक सिंचाई के लिए पानी पहुंच सके। प्रदर्शन के बाद किसानों ने एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि यदि जल्द योजना का विस्तार नहीं किया गया तो किसान बड़ा आंदोलन करेंगे। किसानों ने प्रशासन को 15 दिन का समय देते हुए 25 मई से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल की चेतावनी दी है। किसान नेता जितेंद्र सिंह परिहार ने कहा- घट्टिया क्षेत्र के 60-65 गांवों के किसान लंबे समय से जल संकट झेल रहे हैं। नर्मदा का पानी खेतों तक पहुंचना जरूरी है।

## जुआ खेलते पांच और सट्टा लिखते एक को पकड़ा

दैनिक इंदौर संकेत

**खरगोन** ● अवैध जुआ व सट्टा पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अलग-अलग जगह से 6 आरोपी पकड़े। 5 आरोपी जुआ खेलते व एक सट्टा लिखते पकड़ा गया। 7300 रुपए नकद सहित ताश पत्ते व सट्टा सामग्री जब्त की। 3 प्रकरण दर्ज किए गए। टीआई राजेंद्र बर्मन ने बताया मुखबिर की सूचना पर दो टीम बनाकर दबिश दी। शासकीय शराब दुकान नंबर-2 के पास खुले मैदान से सुरेश पंवार, अनिल चौहान व अंतिम मोये को जुआ खेलते पकड़ा। इनके पास से 3500 रुपए नकद मिले। वहीं डोंगर हिंगोले व रविन्द्र के पास से 3100 रुपए नकद व ताश पत्ते जब्त किए गए। नया नगर बालसमुद क्षेत्र से संजय सुनेर को सट्टा लिखते पकड़ा गया। 1200 रुपए नकद जब्त किए। ग्रिड मोहल्ला कसरावद निवासी फरार आरोपी मुकेश की तलाश जारी है।

## प्रधान डाकघर में 9 मई को आधार अपडेट कैंप, 7-8 मई को मिलेंगे टोकन

दैनिक इंदौर संकेत

**खंडवा** ● शहरवासियों के लिए आधार से जुड़े कार्यों को आसान बनाने के उद्देश्य से प्रधान डाकघर खंडवा में 9 मई, शनिवार को विशेष आधार नामांकन एवं अपडेशन शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा, जिसमें नागरिक अपने आधार कार्ड से संबंधित सभी जरूरी सुधार एक ही स्थान पर करवा सकेंगे। डाकपाल ने बताया कि शिविर में नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर अपडेट करने के साथ-साथ बायोमेट्रिक (फिंगरप्रिंट व आईरिस) अपडेट की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। यह सेवाएं भारत सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क के अनुसार प्रदान की जाएंगी।

भीड़ को व्यवस्थित रखने और लोगों को समय पर सेवा देने के लिए 9 मई के शिविर हेतु टोकन व्यवस्था लागू की गई है। इसके तहत 7 और 8 मई को ही प्रधान डाकघर में टोकन वितरित किए जाएंगे। बिना टोकन के शिविर में सेवा मिलना संभव नहीं होगा। डाक विभाग द्वारा शिविर के दौरान अतिरिक्त काउंटर और स्टाफ की व्यवस्था की गई है, ताकि अधिक से अधिक लोगों को कम समय में सुविधा मिल सके।

सांध्य दैनिक इंदौर संकेत

## आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ




डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

कार्यालय का पता

5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर, गुरुद्वारे के सामने, इंदौर

संपर्क: 94250-64357, 94245-83000

## सम्पादकीय

### पंजाब में फिर लौट रहा खालिस्तानी आतंक? 10 दिन में 3 धमाकों ने बढ़ाई देश की चिंता

पंजाब में आतंकी तंत्र के फैलते दायरे का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि पिछले वर्ष जुलाई में सुरक्षा एजंसियों ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल के तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया था। पंजाब में पिछले कुछ समय से आतंकी गतिविधियां जिस तरह से बढ़ रही हैं, वह बड़े खतरे की ओर इशारा करती हैं। बीते दस दिनों के भीतर राज्य में तीन बम धमाकों ने इस चिंता को और गहरा कर दिया है। अब तक की जांच-पड़ताल के निष्कर्षों की जो तस्वीर सामने आई है, उससे इस बात के साफ संकेत मिलते हैं कि उग्रवाद का कठिन दौर झेल चुके इस राज्य में खालिस्तान समर्थक आतंकी तंत्र फिर से सिर उठाने लगा है। जलंधर और अमृतसर में मंगलवार रात हुए दो सिलसिलेवार धमाकों ने राज्य की सुरक्षा एजंसियों की सतर्कता और खुफिया चौकसी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इन विस्फोटों की गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि दोनों जगह सुरक्षा प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की कोशिश की गई। आतंक के इस तंत्र को लेकर सबसे बड़ी चुनौती यह है कि विभिन्न समूहों से जुड़े ज्यादातर आतंकी किसी आम नागरिक की तरह समाज में घुल-मिलकर रहते हैं, जिससे उनकी पहचान करना मुश्किल होता है। मौका मिलने पर वे अपने आकाओं के निर्देश पर हमला करने के लिए सक्रिय हो जाते हैं। गौरतलब है कि पंजाब के जलंधर में मंगलवार रात करीब आठ बजे सीमा सुरक्षा बल के पंजाब फ्रंटियर के मुख्यालय के बाहर विस्फोट हुआ। इसके बाद दूसरा धमाका रात करीब ग्यारह बजे अमृतसर में सैन्य छावनी के पास हुआ। जलंधर में हुए विस्फोट की जिम्मेदारी प्रतिबंधित संगठन खालिस्तान लिबरेशन आर्मी ने ली है और पुलिस ने भी इसकी पुष्टि की है। इससे पहले पटियाला के शंभू इलाके में 27 अप्रैल को एक मालगाड़ी की पटरी पर विस्फोट हुआ था। पुलिस ने इस सिलसिले में खालिस्तान समर्थक एक आतंकी गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया था। ये घटनाएं खुफिया तंत्र की विफलता और सुरक्षा व्यवस्था में गंभीर खामी की ओर इशारा करती हैं। राज्य पुलिस का मानना है कि इन आतंकी वारदातों के पीछे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई का हाथ है। सीमा पार से खालिस्तान समर्थक आतंकी समूहों को प्रशिक्षण, विस्फोटक सामग्री और हथियार मुहैया कराए जा रहे हैं। मगर सवाल है कि सुरक्षा एजंसियां इस तरह की गतिविधियों पर नियमित नजर रखने और किसी भी वारदात से पहले ही आतंकियों को धर-दबोचने में नाकाम क्यों हो रही हैं? पुलिस के मुताबिक, अमृतसर में विस्फोट स्थल पर आईईडी के टुकड़े मिले हैं, जिससे संकेत मिलता है कि यह या तो टाइम बम से किया गया विस्फोट था या फिर रिमोट कंट्रोल से धमाका किया गया। ऐसे में सुरक्षा प्रतिष्ठानों की सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठना स्वाभाविक है।

# अमेरिका-ईरान तनाव में ऐतिहासिक मोड़- युद्धविराम से समझौते की दहलीज तक युद्ध पर लगेगा ब्रेक?



ईरान-अमेरिका मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर करने के बेहद करीब पहुँचे,जो वैश्विक शांति की दिशा में एक महत्वपूर्ण अवसर का प्रतीक -यह अवसर चूका तो इसके परिणाम बेहद गंभीर हो सकते हैं? वैश्विक स्तरपर पश्चिम एशिया की भू-राजनीति एक बार फिर निर्णायक मोड़ पर खड़ी है,जहाँ संयुक्त राज्य अमेरिका और ईरान के बीच लंबे समय से जारी तनाव अब संभावित कूटनीतिक समाधान की दिशा में बढ़ता दिखाई दे रहा है। लगभग 40 दिनों तक चले तीव्र सैन्य संघर्ष, जिसमें ऊर्जा आपूर्ति शृंखलाओं और वैश्विक व्यापार मार्गों पर गंभीर प्रभाव पड़ा, अंतरराष्ट्रीय समुदाय को गहरी चिंता में डाल दिया था। विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य जो विश्व के लगभग एक-तिहाई समुद्री तेल परिवहन का प्रमुख मार्ग है, संघर्ष का केंद्रीय बिंदु बन गया था। इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अस्थिरता ने न केवल तेल की कीमतों में अप्रत्याशित उछाल पैदा किया, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था को भी अस्थिर कर दिया। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं क़ि भारत जैसे ऊर्जा आयात- निर्भर देशों के लिए यह स्थिति और भी चुनौतीपूर्ण बन गई, जहाँ महंगाई और चालू खाता घाटे पर प्रत्यक्ष दबाव देखा गया।इसी पृष्ठभूमि में, 8 अप्रैल 2026 को लागू किया गया दो सप्ताह का अस्थायी युद्धविराम एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक हस्तक्षेप के रूप में सामने आया, जिसकी मध्यस्थता पाकिस्तान द्वारा इस्लामाबाद में आयोजित वार्ताओं के माध्यम से संभव हुई।यह पहल न केवल क्षेत्रीय शांति की दिशा में एक सकारात्मक संकेत थी,बल्कि इसने यह भी दर्शाया कि मध्यम शक्तियाँ भी जटिल वैश्विक संकटों के समाधान में निर्णायक भूमिका निभा सकती हैं। 21 अप्रैल को डोनाल्ड ट्रंप द्वारा युद्धविराम को अनिश्चितकाल के लिए बढ़ाने का निर्णय इस बात का संकेत था कि दोनों पक्ष अब टकराव की बजाय संवाद को प्राथमिकता देने लगे हैं। इस निर्णय ने अंतरराष्ट्रीय बाजारों में स्थिरता लौटाने और कूटनीतिक प्रक्रिया को समय देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।अब 6 मई 2026 की ताज़ा रिपोर्टों के अनुसार,दोनों देश एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर करने के बेहद करीब पहुँच चुके हैं, जो न केवल वर्तमान संघर्ष को समाप्त करने का मार्ग प्रशस्त करेगा, बल्कि एक व्यापक परमाणु समझौते की रूपरेखा भी तय करेगा। यह संभावित समझौता वैश्विक कूटनीति के लिए एक ऐतिहासिक क्षण साबित हो सकता है, क्योंकि यह वर्षों से चले आ रहे अविश्वास,प्रतिबंधों और सैन्य टकराव के चक्र को तोड़ने का अवसर प्रदान करता है। यदि यह पहल सफल होती है, तो यह न केवल पश्चिम एशिया में स्थिरता बहाल करेगी, बल्कि वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार और रणनीतिक संतुलन को भी एक नई सटीक दिशा देगी। युद्ध पर लगेगा ब्रेक? ईरान- अमेरिका समझौते की दहलीज पर खड़ी दुनिया में शांति की नई उम्मीद इसको समझने की करें तो 6 मई 2026 की वैश्विक कूटनीतिक तस्वीर एक ऐसे मोड़ पर खड़ी दिखाई देती है,जहाँ पिछले कुछ महीनों से मध्य पूर्व में सुलग रही आग अब शांत होने की दिशा में बढ़ती दिख रही है। अमेरिका और ईरान के बीच 28 फरवरी 2026 से जारी सैन्य टकराव ने न केवल क्षेत्रीय स्थिरता को गहरे संकट में डाल दिया था,बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था, ऊर्जा आपूर्ति और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा ढांचे को भी गंभीर रूप से प्रभावित किया था। लेकिन अब जो संकेत सामने आ रहे हैं, वे इस संघर्ष के संभावित अंत की ओर इशारा करते हैं। दोनों देश एक एक-पन्ने के मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर सहमति के करीब पहुँच चुके हैं, जिसे यदि अंतिम रूप मिल जाता है,तो यह 2026 के इस संघर्ष का निर्णायक मोड़ साबित हो सकता है। इस पूरे घटनाक्रम का सबसे महत्वपूर्ण पहलेपहलू को समझने की करें तो यह है कि यह समझौता केवल युद्धविराम तक सीमित नहीं है,बल्कि इसमें दीर्घकालिक रणनीतिक स्थिरता के तत्व भी शामिल हैं। प्रस्तावित समझौते के अनुसार, दोनों देश मध्य पूर्व में चल रहे सैन्य संघर्ष को समाप्त करने की घोषणा करेंगे,जो पिछले दो महीनों में कई स्तरोंपर बढ़ता गया था। इस संघर्ष के दौरान समुद्री मार्गों पर हमले, ड्रोन स्ट्राइक, और रणनीतिक ठिकानों को निशाना बनाने की घटनाएँ सामने आईं, जिससे वैश्विक व्यापार मार्गों, विशेष रूप से तेल आपूर्ति, पर गहरा असर पड़ा। ऐसे में युद्धविराम की संभावना अपने आप में एक बड़ी राहत के रूप में देखी जा रही है।

साथियों बात अगर हम इस समझौते का दूसरा महत्वपूर्ण आयाम को समझने की करें तो वह है होर्मुज जलडमरूमध्य से जुड़ा मुद्दा।यह जलमार्ग विश्व की ऊर्जा आपूर्ति का एक प्रमुख केंद्र है,जहाँ से वैश्विक तेल आपूर्ति का लगभग 20 प्रतिशत गुजरता है। संघर्ष के दौरान इस मार्ग पर नाकाबंदी और हमलों ने तेल की कीमतों को अस्थिर कर दिया था और वैश्विक बाजारों में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला था।अब प्रस्तावित समझौते के तहत दोनों देश इस जलडमरूमध्य को चरणबद्ध तरीके से खोलने और जहाजों की सुरक्षित आवाजा ही सुनिश्चित करने पर सहमत हुए हैं। यह न केवल ऊर्जा बाजारों के लिए सकारात्मक संकेत है, बल्कि वैश्विक व्यापारिक विश्वास को भी बहाल करने में मदद करेगा। हम तीसरा और सबसे संवेदनशील मुद्दा परमाणु कार्यक्रम से जुड़ा है इसको समझने की करें तो, ईरान ने संकेत दिया है कि वह यूरेनियम संवर्धन को 15 वर्षों तक रोकने और परमाणु हथियार न बनाने की प्रतिबद्धता जताने के लिए तैयार है। यह प्रस्ताव 2015 के परमाणु समझौते की याद दिलाता है, जिसे बाद में अमेरिका ने एकतरफा रूप से छोड़ दिया था। इस बार दोनों पक्ष अधिक सावधानी और संतुलन के साथ आगे बढ़ते दिख रहे हैं।अमेरिका की ओर से यह भी संकेत दिया गया है कि वह ईरान पर लगे आर्थिक प्रतिबंधों को हटाने और उसकी फ्रीज की गई अरबों डॉलर की संपत्तियों को वापस करने के लिए तैयार है। यह कदम ईरान की आर्थिक स्थिति को स्थिर करने में महत्वपूर्ण व बिलकुल सटीक भूमिका निभा सकता है। इस संभावित समझौते की राह अभी पूरी तरह साफ नहीं है। रिपोर्ट्स के अनुसार, दोनों देशों के बीच कुल 14 मुद्दों पर बातचीत चल रही है, जिनमें से 6 क़ो 2026 को केवल 3 पर सहमति बनी है, जबकि 11 मुद्दों पर अभी भी मतभेद कायम हैं। इन मुद्दों में क्षेत्रीय प्रभाव, मिसाइल कार्यक्रम और निरीक्षण व्यवस्था जैसे संवेदनशील विषय शामिल हैं। यह स्पष्ट करता है कि भले ही एक प्रारंभिक समझौता निकट हो, लेकिन स्थायी शांति के लिए अभी लंबा रास्ता तय करना बाकी है। इस पूरे घटनाक्रम में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की भूमिका भी बेहद महत्वपूर्ण रही है।उन्होंने एक ओर जहाँ ईरान के खिलाफ कड़े सैन्य और आर्थिक कदम उठाए, वहीं दूसरी ओर कूटनीतिक समाधान की दिशा में भी पहल की। प्रोजेक्ट फ्रीडम नामक नौसैनिक अभियान को अस्थायी रूप से रोकने का उनका निर्णय इस बात का संकेत है कि अमेरिका अब टकराव की बजाय बातचीत को प्राथमिकता देना चाहता है। हालांकि, ट्रंप के बयानों में अब भी आक्रामकता झलकती है, जैसे उन्होंने ईरान को चेतावनी दी कि यदि उसने अमेरिकी जहाजों पर हमला किया, तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। यह द्वंद्वात्मक रणनीति दबाव और संवाद का मिश्रणअमेरिकी विदेश नीति का एक परिचित पैटर्न है। ईरान की ओर से भी लचीलापन दिखाया गया है,जो इस बात का संकेत है कि वह लंबे समय तक चलने वाले संघर्ष से बचनाचाहता है।आर्थिक प्रतिबंधों ने उसकी अर्थव्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित किया है, और ऐसे में प्रतिबंधों से राहत पाने के लिए वह कुछ शर्तों को स्वीकार करने के लिए तैयार दिखाई देता है। हालांकि, ईरान के लिए यह भी महत्वपूर्ण है कि वह अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय प्रभाव को बनाए रखे, जो बातचीत को जटिल बनाता है। अगर हम इस संभावित समझौते का वैश्विक प्रभाव को समझने की करें तो यह है भी अत्यंत व्यापक होगा। सबसे पहले, ऊर्जा बाजारों में स्थिरता आएगी, जिससे तेल और गैस की कीमतों में गिरावट संभव है। इससे उन देशों को राहत मिलेगी जो ऊर्जा आयात पर निर्भर हैं,जैसे भारत,जापान और यूरोपीय देश।दूसरा, वैश्विक शेयर बाजारों में सकारात्मक रुझान देखने को मिल सकता है, क्योंकि युद्ध की अनिश्चितता निवेशकों के लिए एक बड़ा जोखिम कारक होती है। तीसरा, यह समझौता अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के लिए एक सकारात्मक उदाहरण बन सकता है, जहाँ दो विरोधी देश संवाद के माध्यम से समाधान तक पहुँचते हैं।

संकलनकर्ता लेखक - **किशन सनमुखदास भावनानीं**, गोंदिया, महाराष्ट्र

## आंचलिक

### गांवों में पानी की समस्याओं को करेंगे खत्म, धार में ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों का संरक्षण करेंगे - राजीव रंजन मीना

**दैनिक इंदौर संकेत**

**धार** ●नवागत कलेक्टर राजीव रंजन मीना ने पदभार ग्रहण करने के बाद अपनी पहली पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। कलेक्ट्रेट के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित इस वार्ता में उन्होंने जिले के विकास, प्रशासनिक प्राथमिकताओं, जनसमस्याओं के समाधान और पर्यटन को बढ़ावा देने के संबंध में अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। कलेक्टर मीना ने बताया कि उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता सुशासन को धरातल पर उतारना है। इसके लिए हर विभाग की जवाबदेही तय की जाएगी और जनता की शिकायतों का समयबद्ध तरीके से समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।



उन्होंने कहा जिले में सड़क, पेयजल, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए विभागवार समीक्षा शुरू की जाएगी। ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट का समाधान, सड़क निर्माण और स्कूलों की स्थिति में सुधार उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। पर्यटन के संबंध में कलेक्टर ने कहा कि धार जिले में ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों की अपार संभावनाएं हैं। इन स्थलों के संरक्षण, सौंदर्यीकरण और सुविधाओं के विस्तार के लिए एक विशेष योजना तैयार की जा रही है। उन्होंने संकेत दिया कि स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा देकर रोजगार के नए अवसर भी सृजित किए जाएंगे। कलेक्टर मीना ने यह भी स्पष्ट किया कि जिले में चल रही बड़ी परियोजनाओं की नियमित निगरानी की जाएगी, ताकि वे निर्धारित समय सीमा में पूरी हो सकें। विकास कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

### 13 माह के मासूम ने गटका कोल्डड्रिंक का ढक्कन, 2 घंटे गले में फंसा रहा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ●जिले के ग्राम सिलोटिया में शादी की खुशियां उस वक्त दहशत में बदल गईं, जब 13 माह के मासूम ने खेलते-खेलते कोल्डड्रिंक का ढक्कन निगल लिया। ढक्कन गले में करीब दो घंटे तक फंसा रहा। जिससे बच्चे की सांस रुकने लगी और परिजन घबरा गए। कसरावद तहसील के ग्राम मिर्जापुर निवासी प्रवीण पटेल अपनी पत्नी और बच्चे के साथ मामा कैलाश के यहां शादी समारोह में शामिल होने आए थे। इसी दौरान सुबह 13 माह के बेटे शिवाय ने कोल्डड्रिंक की बोतल से खेलने के दौरान ढक्कन गटक लिया। इस के बाद परिजनों ने उसे निकालने की कोशिश की, लेकिन ढक्कन और अंदर फंस गया। घटना के बाद घबराए परिजन बच्चे को तुरंत टांडाबरुड़ स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया। परिजनों बच्चें को जिला अस्पताल के पीआईसीयू वार्ड में लेकर पहुंचे। यहां शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. शशिकांत पाटीदार ने टीम के साथ तुरंत उपचार शुरू किया। डॉ. पाटीदार ने बताया कि करीब 15-20 मिनट की मशक्कत और दो-तीन प्रयासों के बाद कैथेटर की मदद से ढक्कन को बाहर निकाला गया। ढक्कन निकलते ही बच्चे की सांस सामान्य हुई और सभी ने राहत की सांस ली। बच्चे के पिता प्रवीण पटेल ने भावुक होकर डॉक्टर को भगवान का रूप बताते हुए आभार जताया।

### पुल तोड़ते समय पोकलेन मशीन पर गिरा ब्रिज, ध्वस्त करते समय बड़ा हादसा टला

**दैनिक इंदौर संकेत**

**धार** ● घाटाबिल्लौद क्षेत्र में चंबल नदी पर बने एक पुराने पुल को ध्वस्त करते समय बुधवार को बड़ा हादसा टल गया। यह पुल अंग्रेजों के जमाने का बताया जा रहा है और लंबे समय से जर्जर स्थिति में था। प्रशासन ने इस पुराने पुल को हटाकर नया और आधुनिक पुल बनाने का निर्णय लिया है। इसके निर्माण का जिम्मा MPRDC को सौंपा गया है। बुधवार को पोकलेन मशीन की मदद से पुल तोड़ने का काम चल रहा था। कार्य के दौरान अचानक पुल का एक बड़ा हिस्सा भरभराकर गिर पड़ा। यह हिस्सा सीधे पोकलेन मशीन के अगले हिस्से पर जा गिरा, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई और मजदूरों में हड़कंप मच गया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। सभी मजदूर और मशीन



ऑपरेटर सुरक्षित बच गए। हालांकि पोकलेन मशीन को मामूली नुकसान होने की जानकारी मिली है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह पुल काफी पुराना था और इसकी हालत बेहद खराब हो चुकी थी। इसे लेकर कई बार शिकायतें भी की गई थीं, जिसके बाद प्रशासन ने इसे हटाकर नया पुल बनाने का फैसला लिया था।

### केंद्रीय मंत्री खट्टर से मिलीं सावित्री ठाकुर, सीवरेज लाइन प्लान दिया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बदनावर** ●केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर और नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि शेखर यादव ने दिल्ली में केंद्रीय आवासन एवं शहरी विकास मंत्री मनोहरलाल खट्टर से मुलाकात की। यह मुलाकात बदनावर नगर के विकास कार्यों, विशेषकर भूमिगत सीवरेज पाइपलाइन के निर्माण को लेकर हुई। उन्होंने मंत्री खट्टर को इस संबंध में एक विस्तृत कार्ययोजना सौंपी। सौंपे गए पत्र में बदनावर नगर क्षेत्र की वर्तमान गंभीर स्थिति का उल्लेख किया गया है। इसमें बताया गया है कि लगभग 50 वर्ष पुरानी नालियाँ जर्जर और अपर्याप्त हो चुकी हैं, जिसके कारण दूषित जल निकासी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो रही है। पत्र में यह भी अवगत कराया गया कि बदनावर में पीएम मित्र पार्क का निर्माण कार्य प्रगति पर है और औद्योगिक विकास हो रहा है। इसके चलते दूसरे प्रदेशों के लोगों की संख्या इस क्षेत्र में बढ़ रही है। दूषित जल निकासी की समस्या और जटिल होने से पहले इसका समाधान अतिआवश्यक है। इसमें भूमिगत सीवरेज पाइपलाइन बिछाने हेतु 39.95 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया गया है।

### कांग्रेस काफी समय से सत्ता से बाहर, आपसी गुटबाजी भूलकर काम करिए - उषा नायडू

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** ● मध्य प्रदेश कांग्रेस की प्रदेश सह प्रभारी उषा नायडू ने नेपानगर में एक संगठनात्मक बैठक के दौरान कहा कि वर्ष 2028 कांग्रेस के लिए आखिरी मौका है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस बार भी पार्टी चूकी, तो सत्ता से बाहर ही रहेगी। नायडू ने कार्यकर्ताओं से आपसी गुटबाजी भूलकर एकजुटता के साथ काम करने का आह्वान किया। नायडू ने कहा कि कांग्रेस काफी समय से सत्ता से बाहर है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी केवल काबिल कार्यकर्ताओं को ही दायित्व देगी और उन्हें प्राथमिकता देगी। जो कार्यकर्ता काम नहीं करेगा, उसे हटाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी आखिरी पंक्ति तक के लोगों को मजबूत करेगी और दूसरों को मौका दिया जाएगा। उन्होंने अगली बार ब्लॉक से पंचायत स्तर तक के लोगों से मिलने की बात भी कही। इस बैठक से पहले उषा नायडू ने बुरहानपुर और फिर नेपानगर में समन्वय बैठकें कीं। नेपानगर में उन्होंने क्षेत्र के ब्लॉक अध्यक्षों और मंडलम अध्यक्षों से उनके कार्यक्षेत्र की बूथ स्तर तक की विस्तृत जानकारी ली। एक कार्यशाला के रूप




में नायडू ने सभी ब्लॉक अध्यक्षों की कार्य क्षमता और उनके व्यावहारिक कार्यशैली को बारीकी से समझा। सभी ब्लॉक अध्यक्षों ने भी अपने-अपने कार्यक्षेत्र की समस्याओं और किए गए कार्यों का ब्यौरा प्रदेश सह प्रभारी के समक्ष प्रस्तुत किया। इसके बाद नायडू ने संगठन को मजबूती से एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करने और साथी कार्यकर्ताओं का सम्मान करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी को अपने कार्यकर्ताओं से बाहर खुले में नहीं लड़ना चाहिए, क्योंकि इसका फायदा भाजपा उठा लेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पूरी मेहनत के साथ जनता के बीच जाकर उनकी आवाज उठाने और प्रदेश में सरकार बनाने के लिए संघर्ष करने का आग्रह किया।




### सीएम मोहन ने खाई झालमुड़ी, बोले- बंगाल को 75 साल बाद आजादी मिली

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** ● मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को बुरहानपुर पहुंचे। यहां उन्होंने परमानंद गोविंदजीवाला ऑडिटोरियम में उद्योगपतियों से संवाद किया और निमाड़ में इन्वेस्टर्स समिट कराने की बड़ी घोषणा की। इसके बाद सीएम भाजपा के 'विजय उत्सव' में शामिल हुए, जहां उन्होंने मंच पर बैठकर झालमुड़ी खाई और नेताओं को भी खिलाई। इस दौरान उन्होंने बंगाल और असम में पार्टी की जीत पर खुशी जताते हुए विपक्ष पर निशाना साधा। मुख्यमंत्री रेणुका माता हेलीपैड से सीधे ऑडिटोरियम पहुंचे थे। यहां उद्योगपतियों ने अपनी समस्याओं और मांगों से उन्हें अवगत कराया। डॉ. यादव ने कहा, 'हमने निमाड़ में इन्वेस्टर्स समिट कराने का वादा किया था और हम इसे जरूर पूरा करेंगे। व्यापारिक कल्याण बोर्ड बनाने पर भी कैबिनेट में चर्चा हुई है, जो आगे चलकर जिला स्तर तक काम करेगा।'

### ट्रेन की जनरल बोगियों में लोगों को जल, छाछ पिलाया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** ●बुरहानपुर में विप्र नारी शक्ति सेवा संस्था ने बुधवार को लालबाग रेलवे स्टेशन पर ट्रेन यात्रियों को ठंडा पानी वितरित किया। भीषण गर्मी के बीच यात्रियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से यह सेवा कार्य किया गया। संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरी दिनेश शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्टेशन पर रुकने वाली विभिन्न ट्रेनों की जनरल बोगियों में सफर कर रहे यात्रियों को विशेष रूप से ठंडा पेयजल उपलब्ध कराया। इन बोगियों में अक्सर पानी की समस्या अधिक होती है। गर्मी से परेशान यात्रियों ने संस्था के इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए खुशी व्यक्त की। इससे पहले, रविवार को भी संस्था ने छह ट्रेनों के यात्रियों को ठंडा पानी और छाछ के पाउच वितरित किए थे। गौरी दिनेश शर्मा ने कहा कि वर्तमान में भीषण गर्मी से राहत के लिए शीतल जल और वृक्षों की छाया अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे भी इस तरह के सेवा कार्यों में संस्था के साथ जुड़ सकते हैं। शर्मा ने बताया कि संस्था समय-समय पर ऐसे जनहितकारी सेवा कार्य आयोजित करती है और आगामी दिनों में पुन: जल वितरण अभियान चलाया जाएगा।

# बंगाल में विजयवर्गीय की नींव पर भूपेंद्र-सुनील का मास्टरस्ट्रोक

**छत्तीसगढ़ के नेताओं का कैमियो भी कमाल**

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • देश के पांच राज्यों के चुनावी नतीजों ने सियासत का पूरा नक्शा बदल दिया है। पश्चिम बंगाल, असम और पुदुचेरी में बीजेपी ने जबरदस्त जीत दर्ज कर अपनी ताकत साबित की है, तो केरल में कांग्रेस ने वापसी के संकेत देकर नई ऊर्जा हासिल की है। सबसे बड़ा उलटफेर तमिलनाडु में हुआ, जहां अभिनेता से नेता बने थलापति विजय की पार्टी टीवीके ने ऐसा इतिहास रचा, जिसने सभी को चौंका दिया। इन नतीजों के पीछे सिर्फ स्थानीय समीकरण ही नहीं, बल्कि मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के दिग्गज नेताओं की रणनीति और मेहनत भी निर्णायक रही है।

**पश्चिम बंगाल: कैलाश ने तैयार की थी बंगाल की जमीन**–पश्चिम बंगाल की राजनीति का जिक्र हो और मध्यप्रदेश के दिग्गज बीजेपी नेता कैलाश विजयवर्गीय का नाम सामने न आए तो तस्वीर अधूरी रह जाती है। विजयवर्गीय बीजेपी के उन चुनिंदा नेताओं में हैं, जिन्होंने बंगाल में बीजेपी को जीरो से खड़ा करने में निर्णायक भूमिका निभाई है। मध्यप्रदेश सरकार में मौजूदा नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय वर्ष 2015 से मई 2021 तक पश्चिम बंगाल में बीजेपी के प्रभारी रहे और इसी दौरान उन्होंने पार्टी के लिए मजबूत जमीन तैयार की।

**फिर भूपेंद्र यादव और सुनील बंसल का कमाल**–पश्चिम बंगाल का चुनाव भारतीय राजनीतिक इतिहास के सबसे कठिन और हिंसक संघर्षों में से एक माना जाता रहा है, लेकिन इस बार भाजपा ने वहां 200 से अधिक सीटें जीतकर जो ऐतिहासिक करिश्मा किया है, उसके पीछे दो नाम प्रमुख रहे। एक केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और दूसरे सुनील बंसल।

भूपेंद्र यादव अलवर से सांसद और मोदी सरकार में कद्दावर कैबिनेट मंत्री हैं। वे अपनी शांत और गंभीर कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं। उन्हें जब बंगाल का चुनाव प्रभारी बनाया गया तो चुनौती हिमालय जैसी थी, लेकिन यादव ने सुनील बंसल (मूल निवासी कोटपूतली, राजस्थान) के साथ मिलकर वह किया, जिसकी कल्पना तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने भी नहीं की थी। आपको बता दें - कि इन दोनों दिग्गजों ने चुनाव को केवल बड़े मंचों और रैलियों तक सीमित नहीं रखा। उन्होंने इसे 40 हजार बूथों तक पहुंचाया। राजस्थान के 'कोटपूतली' और 'अलवर' की सीमाओं की तरह ही इन दोनों नेताओं की ट्यूनिंग सटीक थी।

**पन्ना प्रमुख मॉडल बड़ा फैक्टर**–यादव और बंसल ने बंगाल में 'पन्ना प्रमुख' मॉडल लागू किया, जहां हर कार्यकर्ता को कुछ चुनिंदा मतदाताओं की जिम्मेदारी दी गई। हजारों छोटी बैठकों और निरंतर संपर्क अभियानों ने भाजपा के कैडर को बंगाल की गलियों में सक्रिय कर दिया। 30 मई को जब भूपेंद्र यादव संक्षिप्त प्रवास पर अलवर आए थे, तो उनके चेहरे की मुस्कान ने ही परिणामों की भविष्यवाणी कर दी थी। जीत के बाद उन्होंने 'अलवर के नाम अपनी पाती' में लिखा, यह जनादेश भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण और राजनीतिक हिंसा के विरुद्ध जनता की स्पष्ट आवाज है। यह केवल चुनावी सफलता नहीं, बल्कि सुशासन पर मुहर है। आपको बता दें कि ?भूपेंद्र यादव का ट्रैक रिकॉर्ड शानदार रहा है। बिहार, मणिपुर, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और अब पश्चिम बंगाल के बाद उन्हें भाजपा का सबसे बड़ा इलेक्शन विनर बनाता है।



### सीएम ने आदिवासी बहुल इलाकों पर दिया जोर

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अनुसूचित जनजाति बहुल क्षेत्रों में बीजेपी के पक्ष में माहौल बनाने में अहम भूमिका निभाई। राज्य की 16 एसटी आरक्षित सीटों पर बीजेपी की जीत ने बड़ा राजनीतिक संदेश दिया। आदिवासी इलाकों में पकड़ मजबूत करने के लिए उन्हें पश्चिम बंगाल के 'जंगल महल' क्षेत्र में प्रचार की जिम्मेदारी दी गई थी। विष्णुदेव साय ने झारग्राम जिले की झारग्राम, बिनपुर, नयाग्राम और गोपीबल्लवपुर विधानसभा सीटों पर रैलियां, रोड शो और जनसभाएं कीं और नतीजों में इन सभी सीटों पर बीजेपी को जीत मिली है। राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक, जंगल महल लंबे समय से 'स्विंग जोन' माना जाता है, जहां आदिवासी वोट निर्णायक भूमिका निभाते हैं और इस बार इस क्षेत्र में बीजेपी की सफलता ने पूरे चुनावी समीकरण को प्रभावित किया।

### छत्तीसगढ़ ने भी किया कमाल

पश्चिम बंगाल चुनाव में छत्तीसगढ़ बीजेपी की रणनीतिक मौजूदगी भी असरदार साबित हुई। छत्तीसगढ़ बीजेपी के संगठन मंत्री पवन साय ने चुनाव से करीब आठ महीने पहले ही बंगाल में डेरा जमा लिया था। उन्हें 58 विधानसभा सीटों की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, जिनमें से 56 सीटों पर बीजेपी ने जीत दर्ज की। इन सीटों में आसनसोल के आसपास का इलाका, बिहार और झारखंड की सीमा से जुड़ी सीटें, साथ ही वर्धमान जिले का बड़ा हिस्सा शामिल था। पवन साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ से पांच सदस्यीय टीम लगातार मैदान में सक्रिय रही। इस टीम में खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह और हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव जैसे नेता भी शामिल थे, जिन्होंने जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने का काम किया।

### केरल में पायलट का 'मैजिक'

एक तरफ जहां बंगाल में भगवा लहरा रहा था, वहीं दक्षिण के राज्य केरल में कांग्रेस की 10 साल बाद शानदार वापसी की पटकथा राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट लिख रहे थे। सचिन पायलट को अक्सर उनकी रैलियों में उमड़ने वाली भीड़ के लिए जाना जाता है, लेकिन केरल में उन्होंने खुद को एक कुशल संगठक के रूप में पेश किया। पायलट ने केरल में टिकट वितरण के दौरान संतुलन साधा, जिससे कांग्रेस की पारंपरिक गुटबाजी कम हुई। उन्होंने केरल के 14 में से 10 जिलों का सघन दौरा किया।

### असम का अंधेरा और जितेंद्र सिंह का इस्तीफा

हर चुनाव केवल जीत की कहानियां नहीं लाता। असम में कांग्रेस की करारी हार ने राजस्थान के एक और दिग्गज भंवर जितेंद्र सिंह को गहरे संकट में डाल दिया। अलवर के रहने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह असम के प्रभारी थे। उम्मीद थी कि वहां कांग्रेस सत्ता विरोधी लहर का फायदा उठाएगी, लेकिन परिणाम इसके विपरीत रहे। इसके बाद उन्होंने महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया। जितेंद्र सिंह ने लिखा, असम के चुनाव परिणाम बेहद निराशाजनक रहे हैं। मैं इस परिणाम के लिए अपनी भूमिका की पूरी जिम्मेदारी लेता हूं। मेरे हटने से संगठन को नई दिशा मिलेगी।

### जहां कम सीटें मिली थीं, वहां किया फोकस

सौरभ सिंह ने भी व्यापक स्तर पर काम किया। उन्होंने 51 से अधिक सीटों पर सक्रिय भूमिका निभाई, जहां पिछली बार बीजेपी को महज एक सीट मिली थी, लेकिन इस बार 45 सीटों पर जीत हासिल हुई। इसके अलावा उन्होंने 12 विशेष सीटों पर भी काम किया, जिनमें से 10 सीट बीजेपी के खाते में आईं। वे पिछले तीन महीनों से लगातार पश्चिम बंगाल में डटे हुए थे। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव को छह संवेदनशील सीटों की जिम्मेदारी दी गई थी, जहां संगठन और चुनावी प्रबंधन को मजबूत करने पर खास ध्यान दिया गया।

---

# विजयनगर पुलिस ने ड्रग तस्कर को पकड़ा, 5 स्टार होटल में रखा, 5 लाख वसूलकर छोड़ा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • इंदौर में पुलिस पर ड्रग तस्कर को पकड़कर होटल में रखने और पांच लाख वसूलकर छोड़ने का आरोप है। जांच में मामला सही पाया गया, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। अब पुराना मामला फिर सामने आने से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठे हैं। इंदौर के बड़े और क्रीम थानों से लगातार प्रताड़ित करने की शिकायतें आ रही हैं। हाल ही में लसूडिया थाने के पांच पुलिसकर्मियों पर वारंट तामीली में गलत तरीके से घर में घुसने और 22.50 तोला सोना लेने के आरोप लगे थे। इन्हें निलंबित कर जांच बिठाई गई। भागीरथपुरा चौकी में एक व्यक्ति की मौत हुई। अब विजयनगर पुलिस का एक पुराना कांड सामने आया है।

**होटल में रखा और मारा, 5 लाख वसूले**–पुलिसकर्मी वहां से उसे 22 नवंबर 2024 को उठाकर इंदौर ले आए थे। वहीं, थाने नहीं ले जाकर थाने के पास एक 5 स्टार होटल में रखा था। टीआई से टीम ने बोल दिया कि तस्कर नहीं मिला। वसीम ने जांच के दौरान बयान दिया कि होटल में पुलिसकर्मियों ने उसे मारा था। फिर साथी आरिफ को पकड़वाने के लिए कहा। उसे पकड़वा दिया तो फिर मुझे एक बलेनो कार में ले जाकर छोड़ दिया गया था। मेरे चाचा भी मेरे साथ थे। बलेनो में बैठने वाले ने चाचा से पांच लाख रुपए लिए थे।




### ड्रग तस्कर को लेकर आए, थाने की जगह होटल ले गए

*यह घटना नवंबर 2024 की है। इसमें फिर से जांच के लिए पत्र चलने पर मामला और पुरानी जांच सामने आई है। इस मामले में शिकायत पर एसीपी (आईपीएस आदित्य पटेल) से जांच कराई गई थी। विजय नगर टीआई सीपी पटेल ने एक सूचना मिलने के बाद सहायक उपनिरीक्षक भूपेंद्र सिंह गुर्जर, हेड कांस्टेबल मुकेश सिंह जादौन, कांस्टेबल कपिल सोनानिया और कांस्टेबल राधेश्याम राठौर को आगर मालवा के बड़ौद में तस्कर वसीम, पिता राजू खान को पकड़ने के लिए रवाना किया।*

**दूसरे तस्कर को भी पकड़ा और यही किया**–वसीम के जरिए ही एक अन्य तस्कर आरिफ भूरा को पुलिस ने पकड़ा था। इसके लिए वसीम से ही फोन करके उसे मिलने बुलवाया और जब वह इंदौर आया तो पकड़ लिया। उसे भी होटल ले गए और राशि वसूली। आरिफ ने भी पुलिस को बयान दिया है। इसमें वसीम की बात की पुष्टि होती है।

**जांच में एसीपी ने यह लिखा**–एसीपी पटले ने जांच रिपोर्ट में लिखा है कि संदिग्धों को बिना किसी वैधानिक कार्रवाई के छोड़ना और उनसे लाभ प्राप्त करना प्रमाणित हुआ है। टीआई चंद्रकांत पटेल का अपने अधीनस्थ कर्मचारियों पर पर्याप्त नियंत्रण नहीं था। चारों पुलिसकर्मी आरोपी को पकड़ने के लिए बाहर गए थे।

---

**टीआई इंद्रमणि पटेल पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा-**

# क्लीन चिट नहीं, लेकिन मौका दे रहे कि संविधान के मुताबिक काम करें

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • चंदन नगर थाने के विवादित टीआई इंद्रमणि पटेल को सुप्रीम राहत मिल गई है। सुप्रीम कोर्ट ने 13 जनवरी को उन्हें थाने से हटाने के आदेश दिए थे। पॉकेट गवाह बनाने और एक आरोपी पर फर्जी केस बताए जाने के मामले में उन्हें सुप्रीम कोर्ट ने थाने से हटाने के आदेश दिए थे। इसके बाद उन्हें लाइन हाजिर (लाइन अटैच) कर दिया गया था।

सुप्रीम कोर्ट में टीआई के वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे ने तर्क रखे कि उन्हें लाइन अटैच कर दिया गया था। वहीं, अब उन्हें गैर-संवेदनशील जगह पर पदस्थ करने की मंजूरी दी जाए। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम उन्हें क्लीन चिट नहीं दे रहे हैं, लेकिन यह मानते हैं कि किसी को भी एक मौका दिया जाना चाहिए। कोर्ट ने आगे कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि वह बिना पक्षपात के संविधान के मुताबिक ड्यूटी करेंगे। साथ ही, साबित करेंगे कि वह ऐसे लोकसेवक हैं जिन पर कोर्ट भरोसा कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी लिखा कि किसी का भी दिल कभी भी बदल सकता है। इसे साबित करने के लिए एक मौका दिया जाना चाहिए।



**टीआई पटेल ने सुप्रीम कोर्ट में दिया आश्वासन**–वहीं टीआई पटेल ने भी सुप्रीम कोर्ट में व्यक्तिगत पेश होकर कहा कि मैं आश्वस्त करता हूं कि किसी को भी शिकायत का कोई मौका नहीं दूंगा। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम साफ कर देते हैं कि आपको कानून के मुताबिक आम जनता के लिए काम करना है, न कि किसी अथॉरिटी या व्यक्ति के पक्ष में काम करना है। एक लोकसेवक से जो उम्मीद की जाती है, वह काम किया जाए।

### वहीं पॉकेट गवाह पर केंद्रीय स्तर पर बनेगी नीति

वहीं सुप्रीम कोर्ट ने पॉकेट गवाह पेश करने के मामले में केंद्रीय स्तर पर नीति बनाने के लिए कमेटी गठित कर दी है। इसमें हर राज्य में सीएस (मुख्य सचिव) और डीजीपी इसे देखेंगे। वहीं हर राज्य से एक एसपी स्तर का अधिकारी नोडल रहेगा। कमेटी की भोपाल पुलिस अकादमी में बैठक होगी। कमेटी का खर्च केंद्रीय गृह मंत्रालय उठाएगा।

---

# कार के ऊपर कर रहे थे स्टंट :वायरल वीडियो के बाद पकड़ाए

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • भंवरकुआं पुलिस ने बुधवार को वायरल वीडियो के आधार पर कारवाई करते हुए एक युवक को पकड़ा है। आरोपी अपने साथियों के साथ मिलकर कार से स्टंट कर रहा था।

टीआई संतोष दूधी के मुताबिक बुधवार को सोशल मीडिया के माध्यम से एक वीडियो वायरल होते देखा। वीडियो में कार नंबर MP13ZT7596 का ड्रायवर और उसका दोस्त भंवरकुआं क्षेत्र में कार से स्टंट करते हुए लापरवाहीपूर्वक वाहन चला रहा था। इससे आम लोगों के जीवन के लिए घातक स्थिति निर्मित की जा रही थी। भवरकुआं पुलिस ने इस मामले में कारवाई की है। जिसमें कार मालिक प्रतीक पुत्र मनोज निहाले निवासी भोलाराम इंदौर व अन्य साथियों को पकड़ा है। विजयनगर पुलिस ने एक दीपक काले निवासी पुष्प विहार एक्सटेंशन की शिकायत पर चोरी के मामले में एफआईआर की थी। इस मामले में उनके पूर्व कर्मचारी संजय पुत्र राधेश्याम बड़ोदिया निवासी शांति नगर को पकड़ा है। आरोपी के पास से 1 लाखा 77 हजार रुपए जब्त किए गए। नौकरी से निकाले जाने से नाराज होकर संजय ने इस तरह की वारदात को अंजाम दिया था।



# आज कांग्रेस के महाजाम की शुरुआत इंदौर से

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • मप्र में आज कांग्रेस बड़ा आंदोलन करने जा रही है। पार्टी एमपी से गुजरने वाले आगरा-मुंबई एनएच 52 पर चक्काजाम करेगी। यह चक्काजाम नेशनल हाईवे के 7 अलग-अलग स्थानों पर किया जाएगा। इसके लिए एमपी कांग्रेस ने स्थान तय कर लिए हैं। इसकी शुरुआत इंदौर से होगी। पिगडंबर पर जीतू पटवारी, हरीश चौधरी मौजूद रहेंगे। कांग्रेस ने प्रदर्शन की पूरी तैयारी कर ली है। इंदौर कांग्रेस जिलाअध्यक्ष विपिन वानखेड़े ने बताया कि आंदोलन प्रदेश भर में किया जा रहा है। इसमें पीसीसी चीफ और प्रदेश प्रभारी मौजूद रहेंगे। वानखेड़े ने बताया कि एबी रोड पर व्यापक स्तर पर यह चक्काजाम किया जाएगा। इसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता से लेकर किसान भाई शामिल होंगे। किसानों में काफी उत्साह और आक्रोश भी है। किसान अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। किसानों की समस्याओं को लेकर उनके समर्थन में कांग्रेस यह आंदोलन करने जा रही है। कांग्रेसियों ने इसके लिए किसानों को भी बुलाया है। कई स्थानों पर कार्यकर्ताओं ने किसानों को पीले चावल बांटकर प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की है। मनावर में कांग्रेस ने 15 से ज्यादा गांवों में पीले चावल बांटकर आंदोलन में चलने का निमंत्रण दिया। कांग्रेस के धरना-प्रदर्शन और चक्काजाम को देखते हुए यातायात पुलिस ने एडवाइजरी जारी की है। राष्ट्रीय राजमार्ग 52 (आगरा-मुंबई मार्ग) पर आवागमन करने वाले सभी प्रकार के वाहनों के लिए डायवर्जन प्लान लागू रहेगा।

---

**5 लोगों को कलेक्टर ने किया था सस्पेंड, जांच बाद पुलिस ने दर्ज की एफआईआर**

# स्कूल शिक्षा विभाग में 2.87 करोड़ के घोटाले में 13 लोगों के खिलाफ केस दर्ज, खाते कराए फ्रीज

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • गत दिनों स्कूल शिक्षा विभाग (बीईओ कार्यालय) में 2.87 करोड़ के गबन का बड़ा मामला सामने आया। इस मामले में प्रमुख आरोपी के रुप में मास्टर माइंड सिद्धार्थ जोशी का नाम सामने आया। सरकारी अनुदान, छात्रवृत्ति, जीपीएफ मद से प्राप्त राशि को मिली भगत कर 5 मुख्य आरोपियों ने 33 बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिया था। कलेक्टर शिवम वर्मा ने पांच कर्मचारियों को तत्काल सस्पेंड कर दिया था। इस मामले को लेकर एमजी रोड थाने पर जिला शिक्षा अधिकारी ने पत्र देकर जांच एवं एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी। एमजी रोड पुलिस ने जांच के बाद प्रमुख और सह आरोपियों सहित 13 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इसमें मुख्य आरोपियों के रिश्तेदार भी शामिल हैं। पुलिस ने प्रमुख मास्टर माइंड सिद्धार्थ जोशी को गिरफ्तार कर लिया है। घोटाला मुख्य रूप से वर्ष 2018 से 2025 के बीच हुआ जिसमें सरकारी धन को कर्मचारियों ने अपने रिश्तेदारों और परिचितों के खातों में ट्रांसफर किया। मुख्य आरोपी बीईओ कार्यालय का भृत्य सिद्धार्थ जोशी को बताया गया। उसने जिसने क्लर्क के पासवर्ड का इस्तेमाल कर अकेले अपने खाते में लगभग 1.75 करोड़ ट्रांसफर कर लिए थे। शेष राशि अन्य के खातों में ट्रांसफर कर 2.87 करोड़ का गबन किया।




मामला सामने आने के बाद कलेक्टर शिवम वर्मा ने 5 कर्मचारियों को सस्पेंड किया। गबन से जुड़े लगभग 150 बैंक खातों को फ्रीज करवा दिया गया। दोषी कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए गए। निलंबित कर्मचारियों में दिनेश पवार सिद्धार्थ जोशी, मेघा चार्ल्स, राहुल अहिरे, अतुल त्रिवेदी शामिल रहे। इस घोटाले का पर्दाफाश भोपाल ट्रेजरी की जांच में उजागर हुआ था। उसके बाद संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा को विस्तृत जांच सौंपी गई।

- क्लर्क के पासवर्ड का इस्तेमाल किया, भोपाल ट्रेजरी की जांच में उजागर हुआ था घोटाला
- 33 खातों में पैसा ट्रांसफर, 150 खातों को करवाया गया फ्रीज, मुख्य मास्टर माइंड बंदी

### इन आरोपियों पर किया केस दर्ज

टीआई विजय सिसौदिया ने बताया कि एमजी रोड पुलिस ने जांच के एवं जिला शिक्षा अधिकारी के बयान बाद पाया कि 5 मुख्य आरोपीयों द्वारा स्वयं के बैंक खाता एवं अन्य 8 सह आरोपीयों के बैंक खाता सहित 33 बैंक खातों में शासकीय मद का पैसा ट्रांसफर कर 2 करोड़ 02 लाख 19 हजार 476 रुपये का गबन किया गया है जाँच उपरांत अपराध सिद्ध पाया जाने पर पुलिस ने धारा 316(5),318(4), 338,336(3), 340(2),61 बीएनएस 2023 का केस दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। मुख्य आरोपी सिद्धार्थ जोशी, भृत्य, शास. उमावि, खजराना, मोहन दांगी, अतिथी शिक्षक शास कन्या उमावि. कम्पेल, पंवन खामोद, भृत्य शास. कन्या उमावि, कम्पेल, छोटेलाल गौड, सहायक ग्रेड.2, शास कन्या उमाधि, संयोगितागंज इन्दौर और केदारनारायण दीक्षित, अतिथि शिक्षक, शास. कन्या उमावि, संयोगितागंज इन्दौर को बनाया गया है। इस मामले में सह आरोपी श्रीमती रेणु पति सिद्धार्थ जोशी, उज्जैन, मोहक जोशी पिता सिद्धार्थ जोशी, उज्जैन, हेमलता, रोशन पानेरी, मुकेश दांगी, अनीता दांगी, जगदीश और मुकेश राठौर को बनाया गया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।